डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे
# गुरु एक्सप्रेस
सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल
वर्ष 18 | अंक 204 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 08 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया




## कांग्रेस उम्मीदवार की मुंह दिखाई पत्रकार वार्ता भी प्रभावित नहीं कर पाई..!

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से 6 दिन पहले कांग्रेस प्रत्याशी दिलीप गुर्जर पहली बार क्षेत्र के पत्रकारों से रूबरू इसलिए हुए कि उन्हें कांग्रेस से संसदीय प्रत्याशी बनाया गया है। उज्जैन जिले के नागदा से 4 बार विधायक रहे। इसलिए उनके लिहाज से मंदसौर संसदीय क्षेत्र के मतदाता भी उन्हें जानते ही होंगे, ऐसा उनका मानना रहा होगा। पर, भाजपा के स्थानीय प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के मुकाबले जनचर्चा में सकारात्मक छवि के साथ बने रहने के लिए पत्रकारों से रूबरू मुलाकात की परंपरा निभाना थी। जाहिर है कि सवाल जवाब हुए होंगे तो प्रतिद्वंदी प्रत्याशी सुधीर गुप्ता की आलोचना का अवसर भी मिला और की भी गई। बावजूद इसके चिन्हित कर याद रखने वाला और सुनने वालों पर तकनीकी प्रभाव छोड़ने वाला कोई वक्तव्य नहीं दे सके थे। सिर्फ इतना कहा जा सकता है कि नए प्रत्याशी की क्षेत्र के पत्रकारों से सौजन्य भोज वार्ता प्रभावहीन साबित हुई।



क्षेत्र के प्रेस जगत में जब से दिलीप गुर्जर लोकसभा प्रत्याशी घोषित हुए थे, तभी से रूबरू मुलाकात का अवसर तलाशा जा रहा था। क्योंकि, इन्हीं के दल के पदाधिकारी इन्हें बाहरी बता चुके हैं। इसलिए रूबरू मुलाकात की जिज्ञासा प्रबल बनी हुई थी प्रत्याशी घोषित होते ही पहले सप्ताह में अगर यह सौजन्य भोज वार्ता दिलीप गुर्जर या जिम्मेदार जिला कांग्रेस कर देती तो बहुत ही ज्यादा लाभ कांग्रेस और उसके प्रत्याशी को मिलता। क्योंकि, क्षेत्र की समस्याएं आम नागरिकों के नामांतरण, सड़क निर्माण, नल जल समस्या, किसानों की खाद बीज, फसलों की कीमत की समस्या, साथ में अफीम उत्पादक किसानों की परेशानियां, औद्योगिक संस्थानों की मनमानी और अभाव के साथ निजी चिकित्सालयों में मरीजों के साथ होने वाली सारी घटनाओं को महाभारत के संजय की तरह श्री गुर्जर देख समझ तो नहीं सकते है। अगर प्रत्याशी बनते ही ऐसी भोजवार्ता को अंजाम देते तो रुबरु हो चुके यही पत्रकार उनके विजन में क्षेत्र की समस्याओं और निदान जैसी जानकारी का डाटा भर देते!

किसने कांग्रेस प्रत्याशी और पत्रकार सौजन्य भोज वार्ता में विलंब कराया ये जिला कांग्रेस संगठन का अपना शोध और समाधान का विषय है। बहरहाल दिलीप गुर्जर ने सांसद निधि में हर बड़के पन सुधीर गुप्ता के करीबियों की तरफ इशारा किया। उनके 10 साला कार्यकाल में अफीम के काश्तकारों की संख्या में तीन गुना इजाफे और केंद्रीय अफीम नीति पर प्रभाव छोड़ने वाला कोई आलोचनात्मक जवाब नहीं दे पाए। भाजपा सांसद पर ग्रामीण क्षेत्र की अवहेलना के आरोप तो लगाए और खुद ही चर्चा में कह गए की बहुत बड़ा संसदीय क्षेत्र है, इस कारण प्रचार के बीच समय निकालना मुश्किल विषय बना हुआ था। सिर्फ भाजपाई केंद्रीय सरकार की आलोचना के सहारे अपने पक्ष में वातावरण बनाते नजर आ रहे थे। जबकि, इसी के एकदम विपरीत कांग्रेस छोड़ भाजपा में जाने वालों के प्रश्न पर संतोष जनक जवाब नहीं दे पाए ऐसा लगा कि दिलीप गुर्जर बस राजनीतिक प्रत्याशी हैं। इसलिए प्रेस से रूबरू होने की रस्म निभा दी। भाजपा प्रत्याशी की आलोचना के लिए गंभीर कोई मुद्दा परोस नहीं पाए और वर्तमान केंद्रीय कांग्रेस संगठन के हालातों को देखते हुए जनमत को अपने पक्ष में करने जैसा कोई वादा या दवा भी नहीं कर पाए..!

# गारंटी की निकल रही हवा..!




## 18 हजार को थी उम्मीद, 225 ले रहे प्रशिक्षण, यही स्थिति प्रदेश भर की

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** काम सिखाने के साथ ही हर माह दस हजार रुपए गारंटी के दावे करने वाली सरकार की गारंटी की हवा निकल रही है। विधानसभा चुनाव से पहले लाडली बहना के साथ युवा बेरोजगारो को साधने के लिए यह स्कीम लाई गई थी। जो फिलहाल पूरी तरह से धरातल पर उतरते नजर नहीं आ रही। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 18 हजार युवाओं ने जिले में इस योजना के तहत पंजीयन कराया था। हालांकि प्रशिक्षण 225 ही प्राप्त कर रहे हैं। यहीं स्थिति नीमच और रतलाम सहित प्रदेश भर की है।

युवाओं की स्किल डेवलपमेंट करने और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना शुरू की। काम सिखाने के साथ ही हर महीने 10 हजार रुपए तक की कमाई की गारंटी भी सरकार दे रही है। इसी के चलते इस योजना में ट्रेनिंग के लिए मंदसौर सहित प्रदेश के 9.25 लाख से ज्यादा युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। मंदसौर जिले में 18 हजार युवाओं ने पंजीयन कराया था। प्रशिक्षण के लिए 245 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। अधिकारियों के अनुसार योजना के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन के बाद चयनित अभ्यर्थियों के लिए विभिन्न कंपनियों ने 310 पदों पर वैकेंसी निकाली थी। 225 युवा ही योजना में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

### पोर्टल ही हो गया बंद...

इस योजना में 1 अगस्त 2023 से ट्रेनिंग शुरू हुई। आठ माह में प्रशिक्षण की स्थिति देखकर ही योजना के धरातल पर उतरने के प्रतिशत का अंदाजा लगाया जा सकता है। अब तो सरकार का पोर्टल ही बंद है। इससे योजना के लिए आवेदन भी नहीं हो पा रहे हैं। युवा जब भी अफसरों के पास जा रहे हैं तो उन्हें एक ही जवाब मिल रहा है, जल्द ही ट्रेनिंग शुरू होगी। एक साल पहले मई 2023 में तत्कालीन सीएम शिवराजसिंह चौहान ने इस योजना के माध्यम से एक लाख युवाओं को ट्रेनिंग देने का वादा किया था।

### सीखने के साथ ही स्टाइपेंड...

यह योजना 18 से 29 साल के 12वीं पास, उच्च शिक्षा या आईटीआई उत्तीर्ण के लिए है। ट्रेनिंग के साथ स्टाइपेंड भी मिलना है। 12वीं उत्तीर्ण को 8 हजार रुपए, आईटीआई पास को 8500 रुपए, डिप्लोमा उत्तीर्ण को 9 हजार रुपए एवं स्नातक उत्तीर्ण या उच्च्च शैक्षणिक योग्यता को 10 हजार रु. स्टाइपेंड दिया जाना है। प्रशिक्षण के बाद मध्यप्रदेश से राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड द्वारा स्टेट काउंसिल फॉर वोकेशनल ट्रेनिंग का प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। ट्रेनिंग के दौरान जो स्टाइपेंड मिलना है उसमें 25 फीसदी संस्थानों को और 75 फीसदी राशि का भुगतान सरकार को करना है।

### इन ट्रेड में देनी है ट्रेनिंग...

इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, सिविल मैनेजमेंट, मार्केटिंग, सेवा क्षेत्र जैसे होटल मैनेजमेंट, टूरिज्म ट्रैवल, अस्पताल, रेलवे, आईटी सॉफ्टवेयर, डेवलपमेंट क्षेत्र, उद्योग उन्मुख प्रशिक्षण।

### पड़ोसी जिलों की यह है स्थिति...

अगर पड़ोसी जिले रतलाम की बात करें तो इस योजना में प्रारंभिक स्तर पर 5 हजार युवाओं को ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा था। लेकिन 10 हजार से ज्यादा युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया। 495 इकाइयों ने पंजीयन कराया था। 750 रोजगार सृजित हुए थे। लेकिन 8 महीने बाद ये हाल है कि 300 युवा ही ट्रेनिंग ले पा रहे हैं। वहीं नीमच जिले में इस योजना के अंतर्गत 10052 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया। इसमें 318 के आवेदन प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए स्वीकृत हुए। 289 विद्यार्थी ही प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पहुंचे। 283 युवा योजना में ट्रेनिंग ले रहे हैं।

## लोहे के दरवाजे से फैला करंट, महिला की मौत

**नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के जीरन थाना क्षेत्र के जीरन गांधीनगर कॉलोनी की रहने वाली एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांधीनगर निवासी लीलाबाई पति राजू जाति भील उम्र 45 वर्ष को सोमवार रात को घर के अंदर लोहे के दरवाजे से करंट लग गया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्काल परिजन उसे पहले जीरन के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां से महिला को नीमच के बड़े अस्पताल रैफर किया गया। यहां महिला की मौत हो गई। जीरन थाने में पदस्थ एसआई मोहन सिंह चौहान ने बताया कि महिला के शव का बड़े अस्पताल में परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी हैं।

## थाने में लगाई टाइल्स के रुपए मांगे तो मजदूर परिवार को घर में घुसकर पीटा

### पुलिसकर्मियों पर महिलाओं के कपड़े फाड़ने व मजदूरों पर फर्जी कार्रवाई कर जैल भेजने का आरोप

**पिपलियामंडी, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस थाने में लगाई टाइल्स की मजदूरी के रुपए मांगने पर मजदूरों, महिलाओं को परिवार सहित घर में घुसकर मारपीट करने महिलाओं के कपड़े फाड़ने व बाद में जेल भेजने का मामला सामने आया है, पीड़ित परिवार ने जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

मंदसौर एसपी कार्यालय में नाहरगढ़ निवासी ज्योति पिता बाबूलाल सिकलीगर, ललिताबाई पति बाबूलाल सिकलीगर, दीपक पिता बाबूलाल सिकलीगर ने आवेदन देकर मारपीट करने वाले दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। दीपक सिकलीगर ने बताया कि मेरे बड़े भाई महेश व जीवन ने पुलिस थाना नाहरगढ़ में टाइल्स लगाई थी। जिसके रुपए नही दिए जा रहे थे। रुपए मांगे तो 6 मई 2024 को रात्रि 12.30 बजे नाहरगढ़ पुलिस थाने के आरक्षक राजू धनगर व डॉयल 100 के चालक दरबारसिंह घर पर आए तो परिवार के सभी लोगों के साथ लात-घुसों से मारपीट की। रात्रि में हम पुलिस थाने गए तो वहां भी पुलिस वालों ने हमें पीटा और हमारी सुनवाई नही की। सुबह फिर पुलिस वाले घर आए और मेरे भाई जीवन व महेश को घर से उठाकर ले गए और



फर्जी कार्रवाई कर जेल भिजवा किया।

**अभी बात नही कर पाउंगा:–** इस संबंध में नाहरगढ़ टीआई आरसी डांगी से चर्चा की तो उनका कहना था अभी सीएम ड्यूटी में हूं, इस संबंध में कुछ बात नही कर पाउंगा।



**मजदूर परिवार से की गई मारपीट फर्जी कार्रवाई के विरोध में पीड़ित परिवार पहुंचा एसपी कार्यालय।**

## चंबल में डूबे दूसरे युवक का शव भी मिला

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊ थाना क्षेत्र के तितरोद गांव में दो युवकों के चंबल नदी में डूबने से दोनों युवकों की मौत हो गई। एक का शव सोमवार शाम को मिल गया था। दूसरे का शव मंगलवार सुबह मिला।

सीतामऊ थाना क्षेत्र में तीतरोद गांव निवासी सूरज उर्फ कालू पिता जगदीश सूर्यवंशी उम्र 26 वर्ष व मनीष पिता अमरपुरी गोस्वामी 25 वर्ष दोनों सुबह मजदूरी पर गए थे। इनमें एक ड्राइवरी करता था। जबकि, दूसरा ट्रॉली भरने की मजदूरी करता था। रविवार की सुबह दोनों घर से मजदूरी करने निकले थे और शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिवारजनों ने दोनों को ढूंढना शुरू किया। देर रात तक नहीं मिले तो थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। बाद में परिजनों को दोनों के मोबाइल कपड़े और जूते नदी किनारे पड़े दिखाई दिए। इसके बाद आशंका जताई जा रही थी कि दोनों नदी में नहाने के दौरान डूब गए होंगे। इसके बाद सर्चिंग शुरू की। जिसमें सूरज का शव सोमवार शाम को मिला। वहीं मनीष का शव मंगलवार सुबह मिला।

### बड़ा अस्पताल कर्मचारियों की लापरवाही....

## 6 दिन की मासूम बालिका के पांव में निकला सुई का टुकड़ा, परिजनों ने किया हंगामा

**नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** बड़े अस्पताल के कर्मचारियों व नर्सों की लापरवाही का एक बड़ा मामला मंगलवार को सामने आया। जिसमें 6 दिन की मासूम बालिका के पांव में नर्स द्वारा लगाए गए इंजेक्शन की सुई का हिस्सा छोड़ दिया गया, जिससे मासूम बालिका विगत 5 दिनों से तड़पती रही। जब माता द्वारा बालिका के कपड़े बदले जा रहे थे, तब वह सुई मां के हाथ मे चुभ गई। जिसे मां द्वारा निकाला गया। जिसके बाद परिजन बड़े अस्पताल पहुंचे और जम कर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पर अस्पताल चौकी पुलिस मौके पर पहुंची ओर मामले को शांत किया। वहीं परिजनों ने दोषी नर्स पर कार्यवाही की मांग को लेकर शिकायत पत्र सौपा है।



बड़े अस्पताल में मासूम बालिका की नानी नूरजहां व नाना जाकिर हुसैन ने बताया की 2 मई को उनकी बेटी फिरदोस पति वसीम शेख उम्र 22 वर्ष निवासी नीमच बड़ी मंडी को बड़े अस्पताल नीमच में डिलीवरी के लिए भर्ती किया गया था। जहां फिरदौस ने बालिका को जन्म दिया। जिसके बाद 2 मई को ही बालिका को टीके लगाने की प्रक्रिया भी की गई। जिसमें बड़े अस्पताल के टीका विभाग में कार्यरत स्वाति जोशी द्वारा मासूम बालिका को टीके लगाए गए और सुई का हिस्सा बालिका के पांव में ही छोड़ दिया। इसके बाद हम लोग घर चले गए और विगत 5 दिनों से बालिका दर्द से तड़प रही थी। कई डॉक्टरों को दिखाया, परंतु कुछ समझ में नहीं आया। सोमवार शाम जब फिरदौश बालिका के कपड़े बदल रही थी इस दौरान पांव में लगी सुई का टुकड़ा फिरदौस के हाथ में चुभा। जिसके बाद उसने बालिका के पांव से सुई का टुकड़ा निकाला और हम लोग अस्पताल पहुंचे है। परिजनों ने बताया कि अस्पताल स्टाफ द्वारा मरीज व परिजनों से बत्तमीजी की जाती है। इस लापरवाही के चलते परिजनों ने दोषी नर्स के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सीएमएचओ सहित संबंधित थाने और कलेक्टर के नाम शिकायती आवेदन भी दिया है।

इस मामले में मौके पर मौजूद शासकीय चिकित्सक संगीता भारती ने बताया कि उनके द्वारा संबंधित नर्स स्वाति जोशी से चर्चा की गई है। जिसने बताया कि इंटीरियर आसकेट ऑफ हाई पर जो वैक्सीन लगती है, वह जगह यह नहीं है जहां से बालिका के शरीर में सुई का टुकड़ा निकला है। डिलीवरी के बाद वैक्सीन और इंजेक्शन अन्य जांचों के लिए लगाए जाते हैं। हो सकता है यह लापरवाही जांच के दौरान हुई होगी। हम मामला दिखवाते है, उच्चाधिकारियों से चर्चा कर दोषी के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

### मामला रलायता के चारभुजा नाथ मंदिर की मिल्कीयत का...

## कलेक्टर सहित अमला अदालत में उपस्थित हुआ

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर तहसील के ग्राम रलायता के श्री चारभुजा नाथ मंदिर की मिल्कीयत को लेकर चल रहे विवाद का मंगलवार को कलेक्टर सहित अमले द्वारा अदालत में उपस्थित होकर माफी मांगने के साथ ही पटाक्षेप हो गया। इस दौरान प्रशासन द्वारा 1 लाख रुपये नगद भी जमा कराये। हालांकि, बाद में वादी श्री सत्यनारायण सोमानी ने अदालत में आवेदन देकर माफीनामा और जुर्माना नहीं लेने की बात कहीं। जिस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। इसके पीछे कारण यह बताया गया की जुर्माना और माफिनामे का आदेश हाईकोर्ट का था।

**[ मांगी माफी, एक लाख रुपये जुर्माना भी जमा कराया ]**

फरियादी के अधिवक्ता मुकेश माली के अनुसार रलायता का चारभुजा नाथ मंदिर माहेश्वरी समाज के सोमानी बंधुओ की मिक्कीयत का है। जिसे प्रशासन ने अपना कहते हुए जबरन कब्ज़ा ले लिया। जिसके विरोध में अदालत में अपील की गई। अदालत ने यह माना की मंदिर माहेश्वरी समाज का निजी है। लेकिन प्रशासन अपनी हठधर्मिता पर अड़ा रहा। मामला हाइकोर्ट पहुंचा। जहां से मंदसौर न्यायालय के आदेश को यथावत रखा गया। इसके बाद भी प्रशासन नहीं माना। तो वादी ने फिर से कंटेम्पट लगाया। अदालत के आदेश के बाद भी प्रशासन अड़ा रहा और सुप्रीम कोर्ट में अपील कर दी। जहां से भी प्रशासन को राहत नहीं मिली। आखिर प्रशासन ने फिर से हाईकोर्ट की शरण ली। जहां से हाईकोर्ट ने 4 मई तक जुर्माना राशि जमा करने का आदेश दिया।

### फिर गड़बड़ की तो हाजरी देनी पड़ी...

बताया गया है की हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी प्रशासन ने 4 मई तक राशि जमा नहीं कराई। रविवार 5 मई को जब प्रशासन के बन्दे राशि जमा कराने पहुंचे तो राशि जमा नहीं हुई। बाद में व्यवहार न्यायालय ने रूबरू उपस्थित होने के लिए 7 मई की तारीख दी गई। जिस पर मंगलवार को वर्तमान कलेक्टर श्री दिलीप यादव, एसडीएम शिवलाल शाक्य, मंदसौर के दोनों तहसीलदार सभी चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड श्री रोहिणी तिवारी के न्यायालय में उपस्थित हुए और माफी मांगते हुए 1 लाख रूपये जमा कराये।

## गरमी में तेजी, आज और कल हीट वेव अलर्ट



**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मौसम विभाग ने मंदसौर जिले में अगले दो दिन अर्थात 8 व 9 मई को हीट वेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान बादल छाए रहेंगे और लू चलेगी। ऐसे में जिले में अधिकतम तापमान 41 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है।

मौसम जानकारों के अनुसार आज और कल तेज गर्मी रहेगी। बुधवार-गुरुवार को हीट वेव का असर रहेगा। बादल छाए रह सकते है, लेकिन गर्मी का असर कम नहीं होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक प्रकाश धावले ने बताया, अभी ईरान के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। वहीं, दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन भी है। इन सबके चलते बादल भी छा रहे हैं। मंगलवार 7 मई को पश्चिमी मध्यप्रदेश में तेज गर्मी रही। पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवा भी चली। आज व कल 8-9 मई को भी गरज-चमक की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान हीट वेव भी चलेगी।

## स्वायत्त संस्थाएं निष्पक्ष निर्णय देकर देश में नजीर पेश कर रही...

**मंदसौर/उज्जैन, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही लगता है एनडीए सरकार के कुछ निर्णय के खिलाफ वातावरण बनने लगा था। यह सिलसिला तभी शुरू हो गया था जब लोकसभा सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों का लगातार निलंबन जारी रहा और संख्या 140 पार तक पहुंची थी। दुनिया भर के लोकतंत्र में इसकी चर्चा होती रही थी की सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश के सदन से जनप्रतिनिधियों को निलंबित कर सरकार ने अनेकों संशोधित बिल पास कर लिए थे। सरकार जिद में थी और विपक्षी सांसदों को उम्मीद थी वापसी की। सरकार के इस निर्णय का देश-विदेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्थाओं ने विरोध किया और आलोचना भी। इसी दौरान सरकार के बढ़ते दबाव के चलते कई शासकीय और स्वायत्तशासी संस्थाओं ने सरकार के पक्ष में निर्णय देकर लोकतांत्रिक प्रणाली को कमजोर किया और जनप्रतिनिधियों को आहत किया था।



चन्द्रमोहन भगत

ऐसे निर्णय से तटस्थ रहने वाले प्रबुद्ध वर्ग में सरकार के तथा स्वायत संस्थाओं के खिलाफ नाराजी का तापमान बढ़ने लगा था। इसी बढ़ते तापमान ने अपनी नाराजी को आचार संहिता लगते ही अपने कार्यालयीन आचरण में शामिल कर लिया था। इसी का नतीजा है कि गुजरात के सूरत में एपीएमसी की सैकड़ो एकड़ जमीन सौदे के मामले को गुजरात उच्च न्यायालय ने किसानों और राज्य सरकार से धोखाधड़ी करने जैसा बताया था। गुजरात के सूरत की हजारों करोड़ की जमीन का मामला हो और देश की सबसे ताकतवर राजनीतिक गुजरात लाबी का इसमें दखल ना हो, ऐसा संभव होना कोई भी पारखी मानने को तैयार नहीं है। इसके कारण भी बहुत ही स्पष्ट और आम आदमी आसानी से समझ ले ऐसे प्रमाणित हैं।

एग्रीकल्चर प्रोडक्ट मार्केटिंग कमेटी को अपनी उपज को खेतों से गांव से लाकर रखने, बेचने और संग्रहित करने के लिए गुजरात सरकार ने सैकड़ो एकड़ भूमि आवंटित की थी। जैसे मध्य प्रदेश में कृषि उपज मंडी समिति को की जाती है। प्राइम लोकेशन की भूमि होने के कारण न किसानों को पता चला ना ही स्थानीय अधिकारियों और नगर वासियों को, मामला तब उजागर हुआ जब शिल्पिस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड होटल कंपनी में यहां पांच सितारा होटल और माल का निर्माण शुरू कर दिया था। तब गुजरात उच्च न्यायालय ने दायर याचिका पर निर्णय देते हुए जमीन को नीलाम कर सदस्यों और किसानों का पैसा वापस करने के निर्देश दिए थे। इसके विरुद्ध समिति सदस्यों ने सर्वोच्च न्यायालय अपील की थी, पर गुजरात उच्च न्यायालय के निर्णय को यथावत रखा गया। समिति सदस्यों पर यह आरोप भी लगे कि बगैर टेंडर के जमीन होटल निर्माण के लिए बेची वह भी सिर्फ 5 करोड़ रुपया जमा करा कर! साथ ही समिति की आय में से 98 करोड़ रूपया बैजा खर्च भी किया गया है।

दूसरा मामला भी गुजरात की राजकोट नागरिक सहकारी बैंक का है। यहां भी गुजरात लाबी का दखल होने के बाद भी बीते साल रिजर्व बैंक आफ इंडिया ने 13 लख रुपए की पेनल्टी लगाई थी। अब हाल ही में संचालकों ने अपने ही रिश्तेदारों को लोन बांटने की और सदस्यों से मिनीमम बैलेंस होने पर नियम विरुद्ध वसूली की थी। जिस पर फिर से 43 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई है इसकी वसूली होना अभी बाकी है। न्यायालय और आरबीआई द्वारा गुजरात राज्य में हो रही अनियमितता पर वसूली जैसे सख्त आदेश पारित करना दर्शाता है कि स्वायत संस्थाए बगैर किसी दबाव के अपनी स्वतंत्र निष्पक्ष छवि बनाए रखने में सफल नजर आ रही है। इलेक्टोरल बॉन्ड को सार्वजनिक करने जैसे सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय भी आचार संहिता लगने के बाद ही पारित करना भी एक नज़ीर माना जा रहा है।


## वोटर दीदी एवं वोटर भैया पेम्पलेट संबंधी जानकारी दी

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** महाविद्यालय के प्राचार्य डा.उमा गगरानी ने बताया कि महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डा.पी.एल.पाटीदार द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी मंदसौर द्वारा जारी किया गया वोटर दीदी एवं वोटर भैया पेम्पलेट संबंधी जानकारी देते हुए कहा कि लोकतंत्र की सुरक्षा एवं मजबूती के लिए सभी छात्रायें दिनांक 13 मई 2024 को प्रात: 7 से सांय 6 बजे को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में सहभागिता कर मतदान केन्द्र पर जाकर अनिवार्य रूप से मतदान करें। आपने यह भी स्पष्ट किया कि छात्रायें अपनी मतदाता पहचान पर्ची के साथ पहचान पत्र के रूप में अपना एपिक कार्ड या आयोग द्वारा अधिसूचित पहचान संबंधी 12 दस्तावेजों में से निर्धारित फोटोयुक्त एक पहचान पत्र साथ में अवश्य ले जाये। आपने इस अवसर पर उपस्थित छात्राओं को मतदान संबंधी शपथ दिलाई।

इस अवसर पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राध्यापक डा.उषा अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए निर्वाचन में वे अपने स्वयं के मतदान के साथ-साथ अपने आस-पास मोहल्ले आदि में आम लोगों को भी मतदान के लिए भी प्रेरित करें। मतदान आपका अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी है इसका विशेष रूप से ध्यान रखें और मतदान अवश्य करें। इस अवसर पर स्वीप के नोडल अधिकारी डा.निरंजन गंगवाल एवं ईएलसी के नोडल श्री मनीष पांचाल एवं कैम्पस एम्बेसेडर सुश्री ज्योति सोनी के साथ ही महाविद्यालय की लगभग 200 छात्रायें एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए अनुचित दबाव नहीं बनाये-नाहटा

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा ने मंदसौर संसदीय क्षेत्र के मंदसौर और नीमच जिला प्रशासन से मतदान बढ़ाने के लिए जा रहे प्रयासों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।



पिछले दिनो नीमच जिला प्रशासन ने व्यापारियों को मतदान करने वाले नागरिकों को उनके माल पर डिस्काउंट देने के लिए तैयार कियाश्र एक सिनेमा हाल को सिनेमा देखने पर टिकिट में डिस्काउंट देने के लिए तैयार कियागया। श्री नाहटा ने कहा उनके पास यह सोचने का कारण है कि यह प्रशासनिक दबाव में किया गया है। ये व्यापारी स्वयं भी इसी घोषणा कर सकते थे।परंतु ऐसा तो नही हुआ ।अब मंदसौर जिला प्रशासन ने घोषणा की है कि जिन कारखानों में मजदूर वोट डालने नही जाएंगे उन पर ताला लगा दिया जाएगा। मतदान दिवस पर कारखाने में छुट्टी रखना कानूनन अनिवार्य है। यदि कोई कारखाना छुट्टी नहीं रखे तो उसके ऊपर वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।परंतु वह मजदूर को मतदान करने के लिएकैसे बाध्य कर सकता है।

श्री नाहटा ने कहा उन्हें पूरा विश्वास है कि जिला प्रशासन ने ऐसा कोई लिखित आदेश नहीं निकाला होगा। श्री नाहटा ने कहा मंदसौर संसदीय क्षेत्र में मतदाताओं की जागरूकता प्रदेश में एक उदाहरण रही है। 1998 के लोकसभा चुनावमें जब वे स्वयं कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार थे मंदसौर संसदीय क्षेत्र में हुआ मतदान ,प्रदेश में सर्वाधिक था। परंतु उसके बाद हुए विधान सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत उससे भी ज्यादा था।कांग्रेस पार्टी ने सदैव सर्वाधिक मतदान के लिए प्रशासन द्वारा किए गए प्रयासों का समर्थन किया है।

परंतु इस बार का लोकसभा चुनाव पिछले चुनाव से भिन्न है।समूचे देश में मतदान का प्रतिशत गिरा है।गर्मी तो पिछले चुनावों में भी रही है।परंतु कभी भी मतदाता का मनोबल कमजोर नहीं हुआ। ऐसा इस बार ही क्यों हो रहा है। प्रजातंत्रमें मतदाता को अपनी भावना व्यक्त करने का तरीका है कि वह मतदान में भाग ले और अपनी राय को व्यक्त करे।फिर चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नोटा की व्यवस्था की जिससे वह मतदाता जो किसी उम्मीदवार को भी पसंद नहीं करता वह भी अपनी राय व्यक्त कर सके। परंतु भय और आतंक के वातावरण में मतदाता ने अपनी राय व्यक्त करने का एक और तरीका निकाला है कि वह वोट ही नहीं दे। इस परिस्थिति को चुनाव आयोग और राजनैतिक दलों को समझना पड़ेगा। इस परिस्थिति का संज्ञान लेते हुए चुनाव आयोग इस तथ्य को समझे कि उसकी भूमिका केवल आचरण संहिता लागू करने और चुनाव संपादन कराने की नही है इसके आगे भी है। भय के सामान्य वातावरण के अतिरिक्त अनेक स्थानों पर, सत्तारूढ़ दल के निर्वाचित या पराजित उम्मीदवार उन्हें मतनहीं देने वाले मतदाता को प्रताड़ित कर रहे है श्र मतदान नहीं करने का यह भी एक कारण है।मतदानकाप्रतिशतबढ़ानेकेलिएआंगनवाड़ी, आशा और उषा कार्यकर्ताओं का सहयोग लिया जा रहा है श्र कौन नहीं जानता कि किस तरह इन छोटे कर्मचारियों का उपयोग राजनैतिक हितों के लिए किया जाता रहा है। यह बात जनता भूली नहीं है कि पूर्व मुख्य मंत्रीजी की सभा में उपस्थिति बढ़ाने के लिए विभाग ने इन कार्यकर्ताओं को निजी साड़ी पहन कर आने के लिखित आदेश दिए थे. अब ये ही कार्यकर्ता महिलाओं को जाकर कह रही है कि यदि उनने वोट नहीं डाला तो उनकी शासकीय योजनाएं बंद कर दी जाएंगी। भले ही मुख्य चुनाव आयुक्त ईवीएम के बारे में संदेह व्यक्त करने वाले व्यक्तियों की अपने गढ़े गए शेर से मजाक उड़ा ले, परंतु इस तथ्य से इंकार नहीं कर पाएंगे कि, भले ही वह बहुमतमेंनहीं हो , मतदाताओंके एकबड़े वर्ग की विश्वसनीयता मशीनों को लेकर घटी है।चुनावआयोगका दायित्व है कि वह उसे विश्वास में लेने के सार्थक प्रयास करें। चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट के फैसले की आड़मेइस तथ्य को नहींछिपाएकि सुप्रीम कोर्ट ने सिंबललोडिंगयूनिट को चुनाव के बाद 45 दिन तक नष्टनहीकरने का आदेश देकर किसी संदेह की गुंजाइश तो स्वीकार की है। श्री नाहटा ने कहा कि वे जानते है कि स्थानीय जिला प्रशासन मतदान बढ़ाने के लिए ऊपर से आए निर्देशों का पालन कर रहा है जो उसका दायित्व भी है।परंतु दायित्व निभाने के लिएमतदाताओंपरदबावअनुचित होगा। श्री नाहटा ने कहा वे और कांग्रेस पार्टी मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के प्रयासों का समर्थन करते है।उनने मतदाताओं से आग्रह किया है कि जिस भय की चिंता में वह वोट नही डाल रहा ,उस भय को दूरकरने की परिस्थितियां भी मतदान केही माध्यम सेही दूर की जा सकती है । मतदानका प्रतिशत बढ़ाने के लिए पूर्व में जागरूकता बढ़ाने के उपाय तकहीसीमितरहनाचाहिए, उत्साह के अतिरेक में लिए जा रहे उपाय बंद होने चाहिए।



# सीए मंदसौर प्रीमियर लीग का समापन

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** खेलों के माध्यम से शारीरिक व्यायाम तो होता ही है, साथ ही दिन भर के मानसिक तनाव से भी मुक्ति मिलती है। चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट दिन भर अपने कार्यालयों में निरन्तर बैठकर अपने क्लाइंट्स की आर्थिक व कर संबंधी समस्याओं का निदान करते रहते हैं और इस दौरान उन्हें निरन्तर अपने मस्तिष्क से काम लेना पड़ता है। यदि प्रतिदिन वे एक घंटे का समय अपने स्वास्थ्य को देना प्रारंभ कर दें और किसी भी एक खेल के प्रति आकर्षित हो जाये तो निश्चित रूप से उनकी कार्यक्षमता में भी वृद्धि होगी और वे बीमारियों से भी अपना बचाव करने में कामयाब होंगे। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की मन्दसौर डिस्ट्रिक्ट ब्रांच ने मन्दसौर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के माध्यम से अपने सदस्यों को स्वास्थ्य के प्रति सजग करने का कार्य किया है, जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उक्त विचार अध्यक्ष जनपरिषद मन्दसौर चैप्टर एवं सीनियर क्रिकेट खिलाड़ी डॉ. घनश्याम बटवाल ने सीए मन्दसौर प्रीमियर लीग के समापन समारोह को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उद्यमी व समाजसेवी श्री मनोज भाचावत ने कहा कि अब तक यह लगता था कि चार्टर्ड अकाउण्टेन्ट सिर्फ आँकड़ों से ही खेलते हैं लेकिन आज उन्हें मैदान पर चैके व छक्कों की बरसात करते देखकर सुखद आश्चर्य हो रहा है। मंदसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने बताया कि पिछले 4 माह के छोटे से समय में ही मन्दसौर ब्रांच ने अपने सभी सदस्यों के सहयोग से अनेक शैक्षणिक सेमिनार आयोजित किये हैं जिसमें देश के ख्यातनाम व ओजस्वी वक्ताओं ने अपना मार्गदर्शन प्रदान किया है।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयोजित मैत्री मैच में मन्दसौर सीए इलेवन ने महावीर इंटरनेशनल की टीम को 4 विकेट से पराजित किया। महावीर इंटरनेशनल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मन्दसौर सीए इलेवन को 84 रनों का लक्ष्य प्रदान किया जिसे मन्दसौर सीए इलेवन ने 12 वें ओवर में 6 विकेटों के नुकसान पर हासिल कर लिया। दोनों ही टीमों ने शानदार क्रिकेट का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। मैदान में जिस प्रकार का जोश सभी खिलाड़ियों में दिखाई दे रहा था, वह रोमांचित कर देने वाला था। समापन अवसर पर मन्दसौर सीए इलेवन व महावीर इंटरनेशनल की टीमों व सदस्यों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। मन्दसौर सीए इलेवन का नेतृत्व सीए अंकित नागर ने किया व महावीर इंटरनेशनल की टीम का नेतृत्व श्री अनिल बाफना ने किया। अतिथियों का स्वागत मन्दसौर ब्रांच के उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया, सचिव सीए विकास भंडारी, कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन, पूर्व अध्यक्ष सीए विरेन्द्र जैन, महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष सीए आयुष जैन, सचिव श्री अरूण अग्रवाल व झोन चेयरमैन श्री राकेश जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीए राजेश मंडवारिया ने किया। आभार प्रदर्शन सीए नयन जैन ने किया।




## कलेक्टर ने गरोठ में ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने गरोठ पहुँचकर ईवीएम कमीशनिंग कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि, भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन कर ईवीएम कमीशनिंग सहित निर्वाचन संबंधी सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बनाए गए स्ट्रांग रूम में प्रत्याशियों एवं उनके प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम कमीशनिंग का कार्य किया गया। कमीशनिंग कार्य के तहत हर मशीन पर नोटा सहित लोकसभा का चुनाव लड़ रहे सभी प्रत्याशियों के हिसाब से मत पत्र लगाने का काम किया गया है। साथ ही बैटरी लगाकर प्रत्याशियों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मॉकपोल (दिखावटी मतदान) भी कराया गया। इसके अलावा अन्य ईवीएम में भी नोटा सहित सभी बटन एक-एक बार दबाकर मॉकपोल किया गया है। इसके बाद मशीन का सभी डाटा क्लीयर कर मशीन को स्विच ऑफ कर दिया गया है। मतदान के लिये पूर्णत: तैयार सभी ईवीएम विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए स्ट्राँग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच रखी गई हैं।

## चतुर्भुज नाला की रॉक पेंटिंग कर रही पर्यटकों को आकर्षित

**अरावली पर्वतमाला पर स्थित 10 वीं शताब्दी में बना चतुर्भुजनाथ मंदिर**

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा लगातार प्रदेश के ऐतिहासिक पर्यटन स्थलों पर बढ़ती संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए कई प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में जिले में स्थित शांत परिदृश्य में भानपुरा में विरासत और प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत खजाना है। यहां हजारों साल पुरानी रॉक पेंटिंग पर्यटकों का मुख्य आकर्षण केंद्र है। लगातार यहां पर पर्यटकों की संख्या भी बढ़ रही है। शहर से लगभग 30 किलोमीटर दूरी स्थित, चतुर्भुज नाला हजारों प्राचीन शैल चित्रों से सुसज्जित ऐतिहासिक धरोहर को संजय हुए हैं। यहां 5 किलोमीटर के रास्ते में छोटी-छोटी गुफाएं बनी हुई है। जिसमें रॉक पेंटिंग पर्यटकों का मुख्य आकर्षण केंद्र है। गांधी सागर अभयारण्य के अंदर



स्थित, यह विशाल परिदृश्य और प्राचीन जल निकायों के लुभावने का दृश्य प्रदान करता है। अभ्यारण क्षेत्र में स्थित करीब 10 वीं शताब्दी में बना चतुर्भुजनाथ मंदिर भी अद्भुत व ऐतिहासिक है। पास ही एक बारहमासी नाला बहता है, जिसे चतुर्भुज नाला कहा जाता है। यहां प्रागैतिहासिक कालीन शैलचित्र श्रंखला मौजूद है, जिसमें ढाई हजार से ज्यादा शैलचित्र मौजूद है,जो प्रागैतिहासिककालीन मानवों की दैनिक जीवन क्रीडा प्रस्तुत करती है। पर्यटन को बढ़ावा देने वाली कई गतिविधियां संचालित की जा रही है।

गुफा अपने मुहाने पर लगभग 1.4 मीटर (4.6 फीट) चौडी है, जहां से इसकी चौड़ाई लगातार कम होती जाती है और अंत में अपने मुंह से 8.4 मीटर (28 फीट) की गहराई पर बंद हो जाती है। गुफा की उंचाई लगभग 7.4 मीटर (24 फीट) है। इसकी दोनों ऊर्ध्वाधर दीवारों पर पांच सौ से अधिक गहरे पेटीले कप्यूल हैं। दाराकी-चट्टान कप्यूल्स की खोज 1992 में रमेश कुमार पंचोली द्वारा की गई थी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने भारत में प्रारंभिक पेट्रोग्लिफ्स के अध्ययन के लिए भानपुरा के पास दाराकी-चट्टान क्षेत्र को लिया और 2002 में गिरिराज कुमार के नेतृत्व में खुदाई शुरू की। दाराकी-चट्टान इस गुफा में एक व्यापक रॉक कला के अतीत का खुलासा करता है। उत्खनन से प्राप्त पत्थर की कलाकृतियों के संग्रह से निस्संदेह पता चलता है कि आश्रय पर एच्यूलियन व्यक्ति का कब्जा था। पेट्रोग्लिफ़्स का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों का दावा है कि यह 'दुनिया की सबसे पुरानी रॉक कला' है, जो लगभग 2 से 5 लाख वर्ष पुरानी है।

## मुख्यमंत्री के आदेशों की नपा उड़ा रही है सरेआम धज्जियां-बंसल

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मटन चिकन की दुकानों के संबंध में म.प्र. शासन ने जो नियम बनाए हैं और मुख्यमंत्री ने जो आदेश प्रसारित किए हैं मंदसौर नगरपालिका उनकी सरेआम धज्जियां उड़ा रही है।



ये आरोप पार्षद और समाजसेवी सुनील बंसल ने एक वक्तव्य में लगाए हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम बनते ही एक आदेश पारित किया था कि खुले में मटन चिकन और अंडों की दुकान नहीं चलेगी परंतु मंदसौर में शुरुआत के दिन में मामूली धरपकड़ कर नगर पालिका की टीम ने इतिश्री कर ली। बार-बार शिकायत के बाद भी संबंधित अधिकारी इन नॉनवेज की दुकानों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करते हैं। सीएमओ को अनेक बार फोन लगाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि नगरपालिका एक्ट में स्पष्ट प्रावधान है नगर पालिका की दुकानों में नॉनवेज की दुकान चलाना प्रतिबंधित है उनमें तो दुकान चल ही रही है उसके अलावा भी शहर में करीब-करीब सभी जगह खुलेआम इस प्रकार का व्यवसाय किया जा रहा है। इस विषय में मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर अवगत कराया गया है। तथा मांग की है कि भगवान श्री पशुपतिनाथ की इस पावन व पवित्र नगरी में अवैध रूप से चल रही नॉनवेज की दुकानों को बंद कराया जाये।

## बीसीए में प्रवेश हेतु 12वीं में गणित विषय की अनिवार्यता समाप्त

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. एल.एन. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महाविद्यालय में बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु 12वीं में गणित विषय होने की अनिवार्यता को विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन द्वारा समाप्त कर दिया गया है। इसी सत्र 2024-25 में बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश के इच्छुक ऐसे विद्यार्थी, जिन्होंने 12वीं परीक्षा साईस (बॉयलॉजी), कॉमर्स या आर्ट्स से उत्तीर्ण की, वे भी बीसीए प्रथम वर्ष में प्रवेश ले सकेंगे, जिन्होंने 12वीं परीक्षा गणित के साथ उत्तीर्ण की है, वे पूर्व में भी पात्र थे एवं अब भी पात्र है।

## आप है लोकतंत्र के भाग्य विधाता...

**पत्र संपादक के नाम**

**संपादक की सहमति आवश्यक नहीं**

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदान करना सबसे बड़ा लोकतांत्रिक अधिकार हे और प्रत्येक व्यक्ति को उसका उपयोग अनिवार्य रूप से करना ही होगा। लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत उसका मतदाता ही होता हे। मतदान के उल्लास पर हमारा लोकतंत्र तभी इठला सकता हे बशर्ते जब हम अपने शत प्रतिशत मतदान के द्वारा लोकतंत्र के भाग्य विधाता बनने का दायित्व निर्वाह कर सके। वर्तमान राजनीति स्वार्थ के रथ पर सवार हे तो उसके लिए जिम्मेदार हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था के जन गण भी हे जिन्होने अपने अधिकारो के लिए तो कभी कभार आवाज भी उठाई किंतु संवैधानिक कर्तव्यो से जी चुराते रहे। चुनाव के माध्यम से वह व्यवस्था चुनी जाती हे जिसके द्वारा निर्मित नीतियां सामाजिक उत्थान में सहायक होती हे। देश के जन गण का जीवन भी इन निर्णयो और नीतियों से प्रभावित होता हे ऐसे में आवश्यक हो जाता हे की प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का उपयोग जरूर करे वह भी जिम्मेदारी पूर्वक अपनी तथा समाज की भलाई के लिए। कुछ लोग मत देने को समय की बर्बादी समझते हे यह बहुत निंदनीय हे। एक विकल्प कानूनी रूप से मतदान को अनिवार्य बना देने का भी हे। अनिवार्य मतदान करवाने के पक्षधरो का मानना हे की विश्व के कई देशो में यह कानून हे तो विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का दावा करने वाले भारत में क्यों नही ? भारत में मतदान की अनिवार्यता के साथ इसमें डिजिटल तकनीक के लाभ पर भी विचार होना चाहिए। यह मतदान का प्रतिशत बड़ाने में सार्थक पहल हो सकती हे। क्यों न हर हाथ में उपलब्ध मोबाइल फोन को चुनावी क्रांति के साथ जोड़ा जाए। ई वोटिंग को बढ़ावा देने से वे सभी लोग भी वोट देने लगेंगे जो फिलहाल आलस्य, दूरी, दिक्कतो और स्वास्थगतगत समस्याओ आदि कारणो से वोट नही देते हे। ई वोटिंग से लोग अपने दैनिक क्रियाकलापो को निष्पादित करने के साथ साथ आसानी से लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया में सहभागी बन सकेंगे। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगा की मतदान प्रतिशत बढ़ेगा जिससे चुने गए नेतृत्व में देश की अधिक से अधिक जनसंख्या का मत सम्मिलित होगा। यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए बहुत आवश्यक हे। ई वोटिंग का एक लाभ यह भी होगा की मतदान वाले दिन सरकारी और गैर सरकारी संस्थानो, प्रतिष्ठानो को बंद नही करना पड़ेगा। हालांकि समस्याएं और प्रश्न इस व्यवस्था में भी हो सकते हे किंतु उनका समाधान खोजना होगा। ध्यान रहे यदि हम ही अपने लोकतंत्र को मजबूती नही देंगे तो फिर हमे प्रश्न उठाने का भी अधिकार नही। आने वाले समय में प्रदेश के चुनाव हो या देश के जनता को एक बार देश को सर्वोपरि मानकर अपनी जाति बिरादरी, पंथ संप्रदाय से ऊपर उठकर मतदान करने का संकल्प करना होगा। विचार कीजिए देश रहेगा तो आप और हम रहेंगे। देश पर आया किसी भी प्रकार का संकट सबका संकट हे यही मानने में हित हे वरना हमने अपने पूर्वजो की फुट से देश को हजारो वर्षो तक गुलामी का जीवन जीते हुए देखा हे। जी पीढ़ी अपना अतीत याद नही रखती और उसकी गलतियो से नही सीखती उनका अस्तित्व भी नही रहता हे। यूनान, मिश्र रोम की संस्कृतियां इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हे। अंत में मतदान के पूर्व अपने स्वार्थ, समाज, जाती का नही देश का विचार कीजिए।



**गौरव सोनी, मंदसौर**

## चल गारी...वोट डालेंगे

# सोशल मीडिया पर फिर छा रहा प्रधान आरक्षक, अब मतदान के लिए जागरुक करती खाकी वाले की आवाज

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तेजकरण की आवाज एक बार फिर मतदान को लेकर जागरुकता का संदेश देते सोशल मीडिया पर नजर आ रही है। कोरोनाकाल में मंदसौर ही नहीं, नई दिल्ली तक उनके गाने कोरोना से निपटने के लिए मॉस्क सहित अन्य जागरुकता का संदेश देते सुनाई दिए थे।



अब मतदान के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए और गाना उन्होंने गाया है। जिसके बोल चल गारी...चल गारी..वोट डालेंगे है। यह गाना सोशल मीडिया पर खासा वायरल हो रहा है। इसे पसंद भी किया जा रहा है।

कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक तेजकरण चौहान और संगीत का पुराना रिश्ता रहा है। गीत-संगीत का शौक सपने में तब्दील हो गया और अब सपना साकार होने की उम्मीद भी बढ़ गई। उज्जैन जिले के तराना के रहने वाले आरक्षक तेजकरण चौहान को शुरुआत से ही गीत-संगीत से लगाव रहा। शौक धीरे-धीरे सपने में बदल गया। नौकरी में आने के बाद सपने को अंजाम तक पहुंचाने के लिए समय नहीं था। फिर भी अभ्यास नहीं छोड़ा। धीरे-धीरे लोगों के सामने तेजकरण की प्रतिभा सामने आई। स्टाफ और लोगों ने उनकी आवाज को सराहा। कई कार्यक्रमों में भी तेजकरण की आवाज को पसंद किया गया गया है।

**फोन कर बुलाया कंपनियों ने-** आपको बता दे कि प्रधान आरक्षक ने मुकेश खन्ना की प्रोडक्शन कंपनी भीष्म इंटरनेशनल कृत और सत्येंद्र तिवारी की श्री तिलाजी फिल्म्स को अपनी आवाज भेजी थी। भीष्म इंटरनेशनल कृत ने एक कहानी देकर उस पर गाना तैयार कर रिकॉर्डिंग मंगाई। रिकॉर्डिंग पसंद आने के बाद फिल्म राइटर एसोसिएशन में पंजीयन कराने के बाद मौका देने की बात कही थी। जबकि एलबम तैयार करने वाली सत्येंद्र तिवारी की श्री तिलाजी फिल्म्स को भी तेजकरण की आवाज पसंद आई थी। खुद सत्येंद्र तिवारी ने उन्हें कई बार मुंबई आने का न्योता दिया था।

## पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल कर्मियों ने ईवीएम के संचालन एवं संयोजन की सीखी बारिकियाँ

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 को स्वयतंत्र, निष्पाक्ष रूप से सम्पान्न् कराने के लिए नियुक्त शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्हें पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय, तृतीय मतदान केन्द्र हेतु कार्य दायित्वं सौंपा गया हैं उन मतदान दल कर्मियों का तृतीय प्रशिक्षण शासकीय स्न्तुातकोत्त्र महाविद्यालय एवं कुशाभाउ ठाकरे आटिडोरियम में जिले के मास्टसर ट्रेनर के द्वारा दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान दलकर्मियों को बताया गया कि तृतीय प्रशिक्षण एक महत्व पूर्ण प्रशिक्षण हैं। इससे अच्छेर से समझे मन में कोई संकोच न रखें कोई प्रश्नो हो तो उसका निसंकोच समाधान कर लेंवे। घबराहट एवं डर दिमाग से निकाल दें। प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान में पीठासीन अधिकारी व मतदान कर्मिकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसलिए मतदान दलकर्मी एकाग्रहता से प्रशिक्षण लें, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की परेशानी न आए।पीठासीन अधिकारी पुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें।

प्रशिक्षण में बताया गया कि मतदान हेतु सामग्री प्राप्त करने हेतु निर्धारित समय पर पहुंचे एवं सामग्री का मिलान अच्छु से कर लेवें, मतदाता सूची को चेक कर लेवें। सभी मतदान केन्द्रा की रवानगी के पूर्व सभी सामग्री अच्छे से चेक कर लेवें ताकि मतदान में कोई समस्याल न आये। इसके साथ ही मास्टमर ट्रेनर ने प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्यवाही, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी एवं बताया कि मतदान दिवस पर निर्धारित समय पर मतदान कराएंगे। बूथ पर मोबाईल का उपयोग न करें। मतदान कराने से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है।

# थैलेसीमिया से बचाव के लिये शादी से पहले कुंडली मिलाने से ज्यादा जरूरी है एचबीए-2 की जांच- डा.जैन

**आज 8 मई 'विश्व थैलेसीमिया दिवस' पर इस गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक हो आमजन**

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है और माता अथवा पिता या दोनों के जींस में गड़बड़ी के कारण होता हैं। यह रोग वर्तमान में भारत में तेजी से अपने पैर पसार रहा है। इस रोग के कारण रक्त / हीमोग्लोबिन निर्माण के कार्य में गड़बड़ी होने के कारण रोगी व्यक्ति को बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता हैं। भारत में हर वर्ष 7 से 10 हजार बच्चे थैलेसीमिया से पीड़ित पैदा होते हैं। यह रोग न केवल रोगी के लिए कष्टदायक होता है बल्कि सम्पूर्ण परिवार के लिए कष्टों का सिलसिला लिए रहता हैं।



प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ.एस.एम. जैन ने बताया कि यह रोग अनुवांशिक होने के कारण पीढ़ी दर पीढ़ी परिवार में चलता रहता हैं। इस रोग में शरीर में लाल रक्त कण / रेड ब्लड सेल(आर.बी.सी.) नहीं बन पाते है और जो थोड़े बन पाते है वह केवल अल्प काल तक ही रहते हैं। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को बार-बार खून चढाने की आवश्यकता पड़ती है और ऐसा न करने पर बच्चा जीवित नहीं रह सकता हैं। इस बीमारी की सम्पूर्ण जानकारी और विवाह के पहले विशेष एहतियात बरतने पर हम इसे आनेवाले पीढ़ी को होने से रोक सकते हैं। डॉ. जैन ने बताया कि रक्त में हीमोग्लोबिन 2 तरह के प्रोटीन से बनता है - अल्फा और बीटा ग्लोबिन। इन दोनों में से किसी प्रोटीन के निर्माण वाले जीन्स में गड़बड़ी होने पर थैलेसीमिया होता हैं। आज समाज में थैलेसीमिया को लेकर अज्ञानता हैं। हमें थैलेसीमिया से पीड़ित लोगो में इस रोग संबंधी जागरूकता फैलानी चाहिए ताकि इस रोग के वाहक इस रोग को और अधिक न फैला सके। भारत में अक्सर शादी करने से पहले लड़के और लड़की की कुंडली मिलाई जाती है और फिर शादी की जाती हैं। थैलेसीमिया से बचने के लिए शादी से पहले लड़के और लड़की की स्वास्थ्य कुंडली मिलानी चाहिए जिससे पता चल सके की उनका स्वास्थ्य एक दूसरे के अनुकूल है या नहीं। ऐसे परिवार जिनमें पहले थैलेसीमिया बीमारी किसी को रही हो वहां विवाह के पहले जन्म कुंडली मिलाने से बेहतर है कि लड़के-लड़की का हिमोग्लोबीन ए- 2 (एचबीए-2) परीक्षण कराया जाए। यदि दोनों में इसका स्तर माइनर पाया जाता है तो उनके होने वाले शिशु में थैलेसीमिया बीमारी की आशंका होती है। यदि जांच में लड़का-लड़की दोनों के जींस में थैलीसीमिया होता है तो मैजर थैलीसीमिया होने की संभावना अधिक होती है।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 64 | 2050 | 2267 |
| उडद | 5 | 4150 | 5000 |
| सोयाबीन | 3700 | 4251 | 4817 |
| गैहु | 10000 | 2290 | 3040 |
| चना | 531 | 5460 | 6091 |
| मसुर | 293 | 4600 | 5912 |
| धनिया | 172 | 5000 | 7100 |
| लहसुन | 18500 | 5000 | 22700 |
| मैथी | 1263 | 4300 | 5611 |
| अलसी | 1627 | 5360 | 5655 |
| सरसो | 5119 | 4651 | 4925 |
| तारामीरा | 14 | 4460 | 4568 |
| इसबगोल | 126 | 10600 | 13952 |
| प्याज | 1044 | 300 | 1560 |
| कलोंजी | 18 | 14481 | 19490 |
| डॉलर | 18 | 6500 | 9696 |
| तिल्ली | 0000 | 0000 | 0000 |
| मटरसुखी | 1 | 2300 | 2300 |
| असालीया | 110 | 8550 | 9700 |





# मुख्यमंत्री डा. यादव ने भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में नीमच की सड़कों को नापा

## भाजपा प्रत्याशी ने सीतामऊ-सुवासरा नगर परिषद में किया जनसंपर्क

**मंदसौर/नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए मंदसौर संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय प्रवास पर है। मंगलवार को डॉ मोहन यादव नीमच पहुंचे।

मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने नीमच में रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता के समर्थन में वोट देने की अपील की। नीमच शहर के बारादरी से रोड शो शुरू हुआ जो नया बाजार, घंटाघर चैराहा, तिलक मार्ग, पुस्तक बाजार, भारत माता चैराहा पहुंचा। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने नीमच शहर वासियों से एक बार फिर मोदी सरकार को वोट करने और सांसद सुधीर गुप्ता को विजयश्री दिलाकर क्षेत्र के विकास के लिए मोदी सरकार को वोट देने अपील की। भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में आयोजित रोड शो में संसदीय क्षेत्र के कार्यकर्ताओं आम नागरिको हुजूम उमड पडा। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री का जगह-जगह स्वागत भी हुआ।

**भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने सीतामउ-सुवासरा नगर परिषद में किया जनसंपर्क**–मंगलवार को सांसद सुधीर गुप्ता ने सीतामउ नगर परिषद के बजाज शोरूम, नमो गार्डन, चार भुजानाथ मंदिर, तितरोद दरवाजा, नीम चैक, माली चैक, जेल दरवाजा, रामदेव मंदिर, लोहारी चैक, आजाद चैक, राजवाडा चैक, भगोर दरवाजा, नगर परिषद रोड महाराणा प्रताप चैराहा जनसंपर्क किया। सुवासरा नगर परिषद के नई बस स्टैंड, पुरानी बस स्टैंड, सभाचैक, डिवाइडर रोड, धानमंडी रोड, गणेश मंदिर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में 10 वर्षो में संसदीय क्षेत्र मे ऐतिहासिक कार्य हुए है। रेलवे के दोहरी करण से लेकर कृषि क्षेत्र में सुवासरा शामगढ सिंचाई परियोजना, कयामपुर सिंचाई परियोजना, गरोठ सिंचाई योजना से हर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने से दो तरह की खेती कर लाभ का धंधा कर सकेंगे। इसके साथ ही सडक निर्माण में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे और गरोठ उज्जैन फोर लेन मार्ग बनने से क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में सांसद सुधीर गुप्ता ने 10 वर्षो में ऐतिहासिक कार्य किए है। रेलवे के दोहरीकरण से लेकर शिक्षा के क्षेत्र में काम किया है। किसानो के हितों को देखते हुए सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया है। सडक निर्माण में भी क्षेत्र को बडी उपलब्थि मिली है। मोदी सरकार की योजनाओं को हर वर्ग को लाभ मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख तक का इलाज निशुल्क अस्पतालों में हो रहा है। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना गरीबों को पक्के मकान के सपने पुरे हो रहे है।

# नई आबादी मंडलम क्षेत्र के वार्ड 3 में शहर ब्लॉक कांग्रेस ने जनसंपर्क किया



**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** युवाओं को रोजगार दे ना सके, वह सरकार बदलनी है ... कमीशन वाला यह सांसद नहीं चलेगा...जैसे नारों के साथ लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर के समर्थन में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में मंडलम/सेक्टर अध्यक्षगणो, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारियों, पार्षद एवं पूर्व पार्षदों द्वारा घर घर संपर्क अभियान नई आबादी मंडलम क्षेत्र के वार्ड 3 में मंगलवार को हुआ श्र यह जनसंपर्क वार्ड 3 की विभिन्न गलियों में किया गया। जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस जनों ने देश में बढती बेरोजगारी, महंगाई, घरेलू गैस के बढते दाम, आदि वर्तमान समस्याओं के बारे में महिलाओं, मजदूरो, व्यापारियों कर्मचारीयो को बताया व कांग्रेस के पक्ष में वोट देने की अपील की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती पुष्पा भारती, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद हनीफ शेख, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, सहित जिला कांग्रेस पदाधिकारी में सर्वश्री के.के. सिंह भाटी, राजनारायण लाड, राजेश फरक्या, खलील पठान, विश्वास दुबे, भूपेंद्र सिंह राठौर, विजय सिंह सिसोदिया, अमीन खान, गोपाल सिंह गुर्जर, राजेंद्र सेठिया, जिला कांग्रेस महामंत्री बबीतासिंह तोमर, अंजू तिवारी, इस्टा भाचावत, अनीता भदोरिया, प्रमिला सिंह, सुनीता जादौन, वर्षा सांखला, योगिता बैरागी, कृष्णा भाट्, मंडल अध्यक्ष सर्वश्री अजय मारू, रमेश बृजवानी, पंकज जोशी, नितेश सतीदासानी, दशरथ सिंह राठौड, शुभम कुमावत, वकार खान, महेश दुबे, अकरम खान, दुर्गा शंकर धाकड, कन्हैयालाल कुमावत, दीपक बसेर, अक्षय सेठिया, देवेंद्र जैन, धर्मेंद्र गुप्ता, दिनेश यादव, मनोहर नाहटा, पूर्व पार्षद साबिर हुसैन, गणपत राठौड सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन शामिल हुए। अंत में सभी का आभार नई आबादी मंडलम अध्यक्ष अजय मारू ने माना।

**आज किटियानी मंडलम के वार्ड नंबर 2 में नाहर सैयद से होगा घर घर जनसंपर्क**–शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, शहर ब्लॉक कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद हनीफ शेख, मंडलम अध्यक्ष पंकज जोशी, मंडलम प्रभारी डॉ प्रीतिपालसिंह राणा, सेक्टर अध्यक्ष शेख बाबुरुद्दिन, वार्ड 2 पार्षद पिंकी कमलेश सोनी लाला ने बताया कि 8 मई बुधवार को किटियानी मंडलम के वार्ड नंबर 2 में शाम 6 बजे से घर घर जनसंपर्क किया जाएगा। सभी कांग्रेसजन नाहर सैयद मन्दसौर पर समय पर पधारें।

### निर्वाचन कार्य में उदासीनता बरतने पर कलेक्टर द्वारा...

## छः कर्मचारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य में उदासीनता बरतने और वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना करने पर महिला बाल विकास परियोजना रामपुरा के भृत्य श्री लव प्रकाश ग्वाला, संकुल उ.मा. वि. जीरन के शिक्षक श्री राजेन्द्र सिंह चौहान, शा.उ.मा विद्यालय जमुनिया कलां के शिक्षक श्री पिन्टूकुमार, संकुल शा.उ.मा वि कदवासा के भृत्यस श्री आशीष मालीवाल, उत्कृष्ट उ.मा.वि.मनासा के शिक्षक श्री रोहित मांदले, पशु चिकित्सा विभाग के भृत्य श्री रघुनन्दन बागोरा नीमच को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है, कि क्यों न उनके विरूद्ध सेवा आचरण अधिनियम 1950 की धारा-32 क के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस संबंध में उक्त सभी को अपना स्पष्टीकरण कारण बताओ सूचना-पत्र की प्राप्ति से 03 दिवस में समक्ष उपस्थित होकर, प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अनुपस्थिति अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में उनके विरूद्ध एक पक्षीय योग्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लैखनीय है, कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय के आदेश दिनांक 3 मई 2024 व्दीरा मतदान दलों रूप में इन छः कर्मचारियों को नियुक्त किया गया था। शा. महात्मा गांधी महाविद्यालय जावद एवं शा.उत्कृष्ट उ.मा.वि.नीमच में मतदान दलों के प्रशिक्षण में 3 मई को आयोजित मतदान दलों के प्रशिक्षण में सूचना दिये जाने के उपरांत भी ये प्रशिक्षण हेतु में अनुपस्थित रहे। इस पर यह कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

## शुभम जिला बदर

**नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला दण्डा धिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत एक आरोपी को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी शुभम पिता नरेन्द्र जैसवार निवासी मोची मोहल्ला नीमच पुलिस थाना नीमच नगर को तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है।

## अवैध शराब के साथ 2 धराए

**पिपलियामंडी, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ पुलिस ने पिकअप वाहन (एमपी 07 जीए 6892) की तलाशी लेने पर 20 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जब्त की। इस मामले में मोल्याखेड़ी निवासी प्रहलाद पिता शोभाराम बावरी, चंदवासा निवासी गोपाल पिता सीताराम बावरी को पकड़ा। इसी तरर नाहरगढ पुलिस ने 10 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ काल्याखेड़ी शारदाबाई को पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 को

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के दिशा-निर्देशानुसार तथा श्रीमती रेणुका कंचन, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय भानपुरा, गरोठ, सीतामऊ, नारायणगढ़, कुटुम्ब न्यायालय, श्रम न्यायालय, उपभोक्ता आयोग, मंदसौर में दिनांक 11 मई 2024 (शनिवार) को नेशनल लोक अदालत काआयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बताया गया कि नेशनल लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित प्रकरण जैसे क्लेम प्रकरण, सिविल प्रकरण, विद्युत प्रकरण, धारा 138 एन.आई.एक्ट के प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, भू-अर्जन, श्रम प्रकरण, उपभोक्ता विवाद संबंधी मामले, राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, सर्विस मैटर व जिला न्यायालय में लंबित राजस्व मामलों के साथ-साथ, विद्युत, नगर पालिका तथा बैंक फायनेंस के प्री-लिटिगेशन मामलों को आपसी समझौते की प्रक्रिया हेतु रखा जाना हैं। उक्त नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्तागण, विद्युत विभाग, बीमा कंपनियों, टेलीफोन/बी.एस.एन.एल., नगर पालिका एवं बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निरंतर बैठक आयोजित की जा रही है। लोक अदालत में निराकृत होने वाले प्रकरणों में जमा किया गया न्याय शुल्क पक्षकार वापिस लेने का हकदार है।

## मुख्यमंत्री का मनासा-भादवा माता का दौरा रद्द

### हेलीकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का मंगलवार को नीमच जिले के मनासा और भादवा माता के साथ-साथ नीमच शहर का दौरा कार्यक्रम था। मुख्यमंत्री यहां लोकसभा में भाजपा के प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के समर्थन में मनासा में रोड शो और भादवा माता में सभा करने वाले थे। हालांकि बडनगर से उनके हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आ गई। जिससे उनका हेलीकॉप्टर उडान नहीं भर पाया। जिसके चलते उनका मनासा-भादवा माता का दौरा अंतिम समय में रद्द हो गया। इसके बाद वह रात में सडक मार्ग से नीमच पहुंचने की संभावना जताई गई। नीमच के बाद मंदसौर आए, जहां रात्रि विश्राम कर रहे है।

भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि आज 8 मई को सीएम भानपुरा में 10:30 बजे आमसभा को संबोधित करेंगे और 12:30 बजे शामगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित कर हेलीकॉप्टर से झाबुआ जिले के थांदला के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके अलावा सुबह मंदसौर में प्रबुद्धजनों, गणमान्य नागरिकों और पदाधिकारियों से चर्चा करेंगे।



## व्यय लेखा निरीक्षण रिकॉनशिलेशन की द्वितीय बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** व्यय लेखा सहायक नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि व्यसय प्रेक्षक श्री एस.एस.दास, कलेक्ट र एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री दिलीप कुमार यादव की अध्ययक्षता में सुशासन भवन सभागृह मे व्यय लेखा निरीक्षण रिकॉनसीलेशन की द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नोडल अधिकारी व्यय लेखा के साथ समस्त विधानसभा क्षेत्र के सहायक व्यय प्रेक्षक एवं समस्त दलों के अभ्यर्थी उपस्थित थे। बैठक में जिला व्यय लेखा दल द्वारा राजनैतिक दलों के अभ्य र्थी व्यय पर चर्चा की गई। जिसमें राजनैतिक दलों के अभ्यर्थी द्वारा कुल 42 लाख 48 हजार 618 रूपये का व्यय दर्शाया गया। जिसमें भाजपा दल द्वारा 23 लाख 20 हजार 158, कांग्रेस दल द्वारा 15 लाख 98 हजार 330 रूपये एवं अन्य राजनैतिक दलों द्वारा 3 लाख 30 हजार 130 रूपये का व्यय दर्शाया गया।



## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए दिलाई जा रही शपथ

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई जा रही हैं। ''हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतान्त्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे । तरह तरह की गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। यह गतिविधि हाट बाजार, मेलो, चौराहों पर की जा रही है। साथ मतदान केंद्रों पर जाकर ईवीएम को चलाना, मतदान का महत्व, लोकतंत्र का महत्व आदि के बारे में मतदाताओं को बताया जा रहा है। जिससे मतदाताओं में जागरूकता उत्पन्न हो।

# मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी भारतीय टीम के यूरोप दौरे पर-सिसोदिया

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** 2025 में होने वाले वर्ल्ड कप की तैयारी हेतु हॉकी इंडिया ने जूनियर्स ग्रुप का यूरोप दौरा तय किया है जिसमें मंदसौर की हॉकी खिलाड़ी अदिति माहेश्वरी का चयन किया गया है। यह जानकारी हॉकी मंदसौर के सचिव अविनाश उपाध्याय व अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया ने दी उन्होंने बताया कि यह टीम यूरोप के तीन देशों में सीरीज खेलेगी इसमें सबसे पहले बेल्जियम, हॉलैंड, और फिर जर्मनी में मैच होंगे यह सीरीज आगामी वर्ल्ड कप की तैयारी को देखते हुए अहम है जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने बताया कि अदिति की हॉकी की शुरुआत मध्य प्रदेश द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर मंदसौर से हुई, और यहां की नियमित सदस्य रही फीडर सेंटर कोच अविनाश उपाध्याय ने बताया कि अदिति की हॉकी की शुरुआत सेंट थॉमस स्कूल की क्लास छठी से हुई यहीं से राष्ट्रीय लेवल पर खेली बाद महिला अकैडमी ग्वालियर में चयन हुआ और यहीं से जूनियर इंडिया टीम में चयन हुआ और पहली बार जूनियर इंडिया ने महिला एशिया कप जो की जापान में हुआ था गोल्ड मेडल जीता अदिति मंदसौर में ही राम टेकरी के करीब सिद्ध चक्र विहार में रहती है और पापा अभिनव महेश्वरी मंदसौर में ही जल संसाधन विभाग में कार्यरत है। अदिति की इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज़ाक, सीनियर खिलाड़ी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की उक्त जानकारी हॉकी मंदसौर के जनसंपर्क अधिकारी जितेंद्र कनौजिया ने दी।



# चले बूथ की ओर अभियान में कलेक्टर एवं सीईओ ने भानपुरा में भाग लिया

### अभियान के दौरान कलेक्टर ने वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण कार्य का जायजा लिया

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने चलें बूथ की ओर अभियान में जनपद पंचायत भानपुरा में भाग लिया। अभियान के दौरान कलेक्टर ने वोटर इनफॉरमेशन स्लिप वितरण कार्य का जायजा लिया। चतुर्थ चरण में मतदान वाले लोकसभा संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों में आज 7 मई से चलें बूथ की ओर अभियान चलाया गया है। इस अभियान के माध्यम से बीएलओ द्वारा मतदाता सूची का वाचन एवं मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। सेक्टर अधिकारी द्वारा मतदाता पर्ची का सत्यापन किया जा रहा है। ऐसे दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाता, जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर मतदान करेंगे, उन्हें मतदान केन्द्र तक लाने के लिये मेन-टू-मेन मार्किंग की जा रही है। मतदाता जागरुकता के लिये मतदान केन्द्रों पर स्थानीय खेल प्रतियोगिता, मानव श्रृंखला, महिला रैली, स्व-सहायता समूहों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, स्थानीय नागरिकों को शपथ/संकल्प पत्र का वाचन, प्रभात फेरी, मेंहदी प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, साईकिल/मोटर साईकिल रैली, चित्रकला प्रतियोगिता जैसी आकर्षक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। कलेक्टर ने अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अभियान के माध्यम से मतदाता जागरूकता का व्यापक प्रचार प्रसार करें। साथ ही वोटर इनफॉरमेशन स्लिप प्रत्येक मतदाता तक पहुंचे, इस बात का बीएलओ विशेष तौर पर ध्यान रखें।

## डीएम व्दारा दस आरोपियों को थाना हाजरी का आदेश

**नीमच, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टनर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी आरिफ उर्फ कालू पिता मोहम्मद याकूब निवासी नाका नम्बर 4 बघाना, आरोपी ईमरान उर्फ इलु पिता इरशाद शेख निवासी वार्ड न.34 सादडी रोड बघाना, एवं समीर उर्फ बाबु पिता शाबीर उर्फ तोता पठान निवासी स्कीम न.8 बघाना, पुलिस थाना बघाना एवं आरोपी आसिफ हुसैन पिता शाब्बीर मंसूरी एवं आरोपी अब्दुल जब्बार पिता अब्दुंल रहमान निवासी ग्राम जाट, पुलिस थाना रतनगढ, को तीन-तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए संबंधित पुलिस थानों में सप्ता ह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है। इसी प्रकार आरोपी रामप्रसाद पिता शिवनारायण राठौर निवासी महागढ, आरोपी सद्दाम पिता कमरूद्दीन धोबी मोहल्लां मनासा, थाना मनासा एवं आरोपी इंदरमल पिता धन्नालाल मीणा निवासी गमेरपुरा थाना जीरन, आरोपी यशवंत उर्फ बबलु पिता शांतिलाल घारू निवासी कुकडेश्वर, थाना कुकडेश्वर, अकिल उर्फ टिंकू पिता अख्तर हुसैन निवासी सिंगोली थाना सिंगोली को तीन-तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए संबंधित पुलिस थानों में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

## डीपी से 230 लीटर आइल चोरी

**पिपलियामंडी, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** खेत पर लगी डीपी से आइल चोरी के मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बरखेड़ा देव डूंगरी निवासी किशोर पिता किशनलाल पाटीदार व बरखेड़ा देव निवासी मुकेश पिता दशरथ पाटीदार के होजखेड़ी रास्ते पर स्थित खेत पर लगी निजी डीपी से चोर 120 लीटर आइल चोरी कर ले गए। इसी तरह अरनिया देव निवासी अनिल पिता दशरथ पाटीदार ने भी खेत पर लगी डीपी से 110 लीटर आइल चोरी की शिकायत की। तीसरे मामले में हेमन्तसिंह चोहान ने कुम्हारी खाल के पास डीपी से आइल चोरी की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के बाद तीनों मामलों में मल्हारगढ़ पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया।



## कलेक्टर ने किया नीमथुर चेक पोस्ट का निरीक्षण

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम ने नीमथुर चेक पोस्ट का औचक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशि, मादक पदार्थों औंर अन्य सामग्रियों का संधारण रजिस्टर मे अनिवार्य रूप से दर्ज करने का निर्देश दिए। रिलीज होने वाले राशि की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिए गये। वाहनों की सघन चेकिंग करें एवं वीडियोग्राफी भी जरूर करें । कोई भी वाहन बिना चेकिंग के न जाएं, इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें।

## बाबा केदारनाथ की पंचमुखी डोली विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से दूसरे पड़ाव फाटा के लिए रवाना

**देहरादून, 7 मई।** भगवान केदारनाथ जी की पंचमुखी डोली ने मंगलवार 7 मई को प्रात: 8।45 बजे श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से प्रवास हेतु दूसरे पड़ाव फाटा को प्रस्थान किया। उल्लेखनीय है कि श्री केदारनाथ धाम के कपाट शुक्रवार 10 मई को खुल रहे है। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ। हरीश गौड़ ने जानकारी दी कि भगवान केदारनाथ की चलविग्रह उत्सव पंचमुखी मूर्ति की देवडोली को श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के स्वयंसेवक एवं हक-हकूकधारी पांवों में बिना कुछ पहने पैदल चलकर शीतकालीन गद्दीस्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से श्री केदारनाथ धाम तक पहुंचाते हैं। आज गुप्तकाशी से प्रस्थान होते समय जगह-जगह श्रद्धालु तथा स्कूली बच्चे बाबा केदार का जयघोष कर पुष्प वर्षा कर रहे हैं। सैकडों देश-विदेश के श्रद्धालु भी डोली यात्रा के साथ केदारनाथ जा रहे हैं।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता...

## मुठभेड़ में लश्कर के टॉप कमांडर समेत तीन आतंकी ढेर

**श्रीनगर, 7 मई।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मंगलवार तड़के मुठभेड़ शुरू हो गई। इस ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा का शीर्ष कमांडर बासित अहमद डार समेत तीन आतंकवादियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकियों की अभी पहचान नहीं हो सकी है। आतंकियों के शव बरामद कर उनकी पहचान की जाएगी। सुबह ही खबर आई थी कि लश्कर कमांडर बासित अहमद डार में कुलगाम की इस मुठभेड में घिर गया है। पुलिस ने बताया कि कुलगाम जिले के रेडवानी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी मिली थी। इसके बाद उन्हें ठिकाने से बाहर निकालने के लिए एक अभियान शुरू किया गया। इस दौरान जब आतंकियों ने खुद को सुरक्षाबलों से घिरा देखा तो उन पर फायरिंग शुरू कर दी। कुलगाम में मुठभेड़ पुंछ आतंकी हमले के बाद हुई है, जिसमें एक जवान शहीद हो गया था और चार अन्य घायल हो गए थे। कुलगाम में मुठभेड़ ऐसे समय हुई है, जब राजनीतिक दल अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार कर रहे हैं। कुलगाम इसी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है।



## मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**मंदसौर, 7 मई गुरु एक्सप्रेस।** स्वीप नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मंदसौर द्वारा बताया गया कि स्वींप गतिविधियों के अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैराथन दौड़ 8 मई 2024 को प्रात: 8 बजे गांधी चौराहा मंदसौर से पीजी कॉलजे ग्राउण्ड मंदसौर तक की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in